VOL. VII PART-I FEBRUARY 2001 (BI-MONTHLY)

JOTI JOURNAL

न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान

उच्च न्यायालय, जबलपुर - 482 007

JUDICIAL OFFICER'S TRAINING INSTITUTE
HIGH COURT OF MADHYA PRADESH
JABALPUR-482 007
☎ 325995



From Left to Right

Hon'ble Shri Justice Bhawani Singh
The Chief Justice of M.P. High Court
with
Hon'ble Shri Jusitce W.A. Shishak
The Chief Justice of Chhattisgarh High Court

PROFILE OF HON'BLE CHIEF JUSTICE SHISHAK

His Lordship was born at village Shangshak, District Ukhrul, Manipur, on 1st January, 1941. His Lordship did his graduation from Gauhati University in 1963 and passed LL.B. examination from Delhi University in the year 1965. His Lordship joined the Bar in March, 1967 at Gauhati. His Lordship Wangazan Awungshi Shishak shifted to Nagaland in 1970 and was appointed as Senior Government Advocate for the State of Nagaland in the year 1975, where he served till 1983. He was the President of Nagaland Bar Associaton. His Lordship was sworn as Judge of Gauhati High Court on 2-1-89 and took the charge of office of the Chief Justice of the Chhattisgarh High Court on 4th December 2000.

संपादकीय

कृपा-अनुग्रह - साध्य एवं साधन

आकस्मिक रूप से एक दिन टी.व्ही. पर 'कहानी घर घर की' देखने की मजबूरी आ गई। देखा। विकल्प नहीं था। सास, सासुर, बड़ी बहू, छोटी–बहू व ससुराल से विवाद कर वापस आई कन्या का एपिसोड (प्रसंग) था। सास–ससुर, के विवाह की वर्षगांठ थी। बड़ी बहू विनम्र सुशील एवं सदाशय वाले व्यक्तित्व की दिखाई गई है। वह घर को एक सूत्र में बांध कर रखना चाहती है। दूसरी पुत्रवधू अनिच्छा से विवाहित हुई है व बदले की भावना से ग्रस्त है व उसका साथ दे रही है घर की पुत्री जो ससुराल छोड़ कर आई है। विवाह वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है व बड़ी बहू (अच्छी बहू) सम्पूर्ण व्यवस्था में जुटी हुई है। परिवार जनों की कृपा अनुग्रह समर्थन उसे प्राप्त है। छोटी बहू एवं कन्या को यह अच्छा नहीं लगता है। अतः बड़ी बहू को नीचा दिखाने हेतु ये तत्व सासजी को कहते हैं कि रतजगा करेंगे एवं उपवास भी करेंगे। सास जी प्रभावित हैं। लेकिन छोटी बहू एवं कन्या को लोभ संवरण नहीं हो रहा है। ये चोरी छिपे खा भी रही हैं व बड़ी बहू रतजगा न कर सके ताकि उसकी निष्ठा घर में शंका का कारण बन सकेगी इस कोशिश में उसे पानी में नींद की दवा घोल कर दी है। बड़ी बहू इन दोनों ही खलनायिकाओं को चोरी से खाते देख लेती है व कहती हैं कि सम्हाल कर खाना कहीं मुंह जल न जावे। ये खलनायिकाएं चोरी से खाना तब खाती है जब गरमागरम खाना तैयार हो रहा होता है। इसके आगे क्या हुआ मुझे पता नहीं क्योंकि मुझे नींद की दवा पत्नी घोलकर दे उसके पहले ही नींद लग गई थी। ये और ऐसे ही सीरियल्स् (धारावाहिक) आप अवश्य देखते होंगे।

इस एपिसोड को देखते हुए सतत् रूप से लग रहा था कि जो व्यक्ति समर्पण भाव से, सद् आशय से एवं निष्ठा से कार्य कर रहा हो व जो सबको एक साथ लेकर चलता उसके पीछे समर्थन का हाथ बहुत कम लोगों का रहता है लेकिन उसे नीचे दिखाने के लिए सब इकट्ठा हो जाते हैं एवं गलतफहमी– भ्रम उत्पन्न करते हैं। इस धारावाहिक का सकारात्मक बिन्दु यह है कि सास–ससुर समझदार हैं व अनुभवी हैं व जानकार हैं। क्षणभर के लिए हमेशा उन्हें बड़ी बहू के प्रति शंका हो जाती है लेकिन वह दूर भी हो जाती है।

आपसी खींचतान, एक दूसरे को नीचे दिखाने की प्रवृत्ति वरिष्ठ के निगाह में चढ़ने की अनुचित लालसा एवं ऐसा करने हेतु चुगलियां करना झूठ सच का सहारा लेना ऐसी परिस्थितियां हैं जो वातावरण को दूषित बनाती हैं, आपसी भाईचारे में कटुता निर्मित करती है व कार्य करने का वातावरण (वर्क कल्चर) को नष्ट करती है। वास्तव में बिना परिश्रम जीवन में समस्त लाभ प्राप्त करने का यह शार्ट कट है ऐसा मानकर व्यवहार किया जाता है लेकिन वस्तु स्थिति यह है कि शार्ट कट कुछ भी नहीं होता है। दीर्घ समय में वह आत्मघाती सिद्ध होता है। (The Shortest line is always the longest)

वह एपिसोड देखकर ऐसा लगा कि हम न्यायिक बंधुओं ने हमारा अपना चरित्र ऐसा हो तो परिवर्तित करना प्रारंभ कर देना चाहिए। एक बोध वाक्य पढ़ा था। आप, कुछ लोगों को सभी समय, कुछ को कुछ समय के लिए मूर्ख बना सकते हो पर सबको सभी समय मूर्ख नहीं बना सकते। एक समय ऐसा आता है जब ऐसा करने वाले स्वयं ही शंका के कठघरे में आ जाते हैं एवं तब सांप छछूंदर की स्थिति सामने आती है। कहने का आशय यह हो सकता है कि हम हमारे काम से मतलब रखें, साफ सुथरा काम हो, किसी का लेना एक न देना दो हो, औपचारिक रूप से संबंधों का सामाजिक स्तर पर निर्वाह हो एवं आप अपने घर में राजा के रूप में खुश मिज़ाज बने रहो। आज के समय में इससे बेहतर स्थिति और क्या हो सकती है। बहुश्रुत होना ज्यादा अच्छा

है, सबकी सुन लो लेकिन निर्णय लेने के पूर्व उस अच्छी बहू को भी समझ लो ताकि आप का निर्णय सही हो। एक सुभाषित देखिये –

न द्विषन्ति न याचन्ते पर निन्दां न कुर्वते।
अनाहूता न चायान्ति तेनाश्मानो ऽपि देवताः।।

अर्थात ऐसा व्यक्ति जो राग द्वेष नहीं करता, दूसरों की निंदा नहीं करता, बिना बुलाए नहीं जाता न बिना पूछे कोई सलाह देता है आदर का पात्र होता है।

अतः हमारे गुणों का उपयोग, हमारी ऊर्जा का उपयोग ध्यान लगाने में लगाएं। ऊर्जा का उपयोग आन्त्यांतिक समाधान प्राप्त करने में लगाएं। संभवतः सबसे सुखी होंगे। एक बात बिल्कुल सही है कि यदि हम मन चाहा गीत गाएं तो वही गीत प्रतिध्वनित होकर हमारे पर बरसेगा व प्रफुल्लित करेगा। अतः प्रफुल्लित रहना है तो अपने कार्यक्षेत्र में समर्पण भाव हो, लगंन हो, उमंग हो, उत्सव हो। बात सही है कि कर्म को उत्सव के रूप में करो। अर्थात किसी उत्सव, तीज त्यौहार पर जैसे सभी जन एक साथ सामूहिक उत्साह से एक मन एक भाव से, एक लक्ष्य से, कार्य करते हैं वैसा ही वातावरण हमारे आस–पास कार्यक्षेत्र में हो तो कितनी प्रसन्नता होगी। हम ऐसा नहीं मानते कि ऐसा वातावरण नहीं है अपितु यदि विपरीत वातावरण निर्मित हो रहा हो तो हम परिवर्तित कर सकते हैं न्यून कर सकते हैं। हमारा सोच हमारा चिंतन सकारात्मक हो, उत्साह वर्धक हो।

आप बंधुओं की सतत् रूप से इच्छा रही है कि उत्साह व उमंग से कार्य हो व 'ज्योति' पत्रिका भी उसमें सक्रिय रूप से भागीदार बनें। आपके कुछ सकारात्मक सुझाव रहे हैं। कुछ आशाएं भी रही हैं। वर्तमान संपादक के जमाने में पत्रिका भी ज्यादा ही मोटी बन गई है। 32 पृष्ठों से 132 पृष्ठों की। उनका कहना है कि इस कारण छह अंक, एवं इंडेक्स को जिल्द करना कठिन हो जाता है व अक्षर कट जाते हैं। दूसरी कठिनाई यह बताई कि अधिकांश न्यायिक अधिकारियों की आंखें पढ़ते पढ़ते थक जाती हैं। कमजोर हो जाती है। अतः पत्रिका के अक्षर कुछ बड़े हों चाहे सामग्री कम समाविष्ट रहे। विधिवत अनुमति पश्चात पत्रिका का कलेवर परिवर्तित हो रहा है। आप अपनी प्रतिक्रिया सूचित न करें, मुझे स्वयं अनुभव होने दें ताकि कमजोरियों को स्वप्रेरणा से दूर किया जा सके। प्रयत्न यह रहेगा कि प्रत्येक अंक के साथ प्रारंभ में ही अनुक्रमणिका का प्रकाशन हो परन्तु इसमें कुछ देरी हो सकती है। सन् 2000 का इंडेक्स तैयार है। अकारांत में सामंजस्य स्थापित कर प्रकाशित हो जाएगा। अत्याधुनिक तकनीकी का कम्प्यूटर सिस्टम क्रय करने का विचार है। नई तकनीकी निकट भविष्य में आने की संभावना है। व तब और अधिक प्रयत्न पत्रिका को बेहतर और उपयोगी बनाने का किया जा सकेगा। संभवतः जो है वह वर्तमान है। अतः जो है उसे ही मीठा कर लो अन्यथा यदि हम अपना समय जुटाने में ही खो देंगे तो वह भी निकल जाएगा। कुछ न्यायिक बंधु छत्तीसगढ़ जा रहे हैं। उनको मनःपूर्वक बिदाई एवं शुभेच्छाएं। सुख समृद्धि हेतु मंगल शुभकामनाएं। उनके लिए एक निवेदन कि;

ये धरती/ ये मौसम/ ये हंसना हंसाना/
मुझे भूल जाना/ इन्हें ना भुलाना/
इन्हें ना भुलाना/ इन्हें ना भुलाना।

पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

DON'T WASTE YOUR ENERGY ON NEGATIVE GOSSIP.

कर्म के प्रति निष्ठा

व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 जो सन् 2000 में नियुक्ति पश्चात पदस्थापित हुए थे का प्रवेश प्रशिक्षण (इंडक्शन ट्रेनिंग) समाप्त होने के पश्चात उन्हें अपनी पदस्थापना पर स्वतंत्र रूप से कार्य करने का लगभग 3-4 माह का अनुभव हो जाने के पश्चात उन्हें पुनर्निवेशन प्रशिक्षण (फीड बैक) हेतु बुलाना प्रारंभ किया है। यह प्रशिक्षण चार सत्रों में पूर्ण होगा। प्रथम सत्र दि. 03-01-2001 से 12-01-2001 तक का पूर्ण हुआ। प्रवेश प्रशिक्षण एवं पुनर्निवेशन प्रशिक्षण के बीच जो अवधि प्रशिक्षु–गणों को मिली उस अंतराल में कुछ एक को पृथक–पृथक न्यायालयों का स्वतंत्र प्रभार भी प्राप्त हो गया व उन्होंने स्वतंत्र रूप से कार्य करना प्रारंभ कर दिया। कुछ एक को निकट भविष्य में पृथक से कार्य करने का अवसर मिलेगा ही। प्रवेश प्रशिक्षण के वक्त नव नियुक्त व्यवहार न्यायाधीश जो कि न्यायालयीन प्रक्रिया से अपरिचित थे को तब प्रक्रिया की पृष्ठभूमि से अवगत कराया था। इस बार उक्त न्यायिक बंधुओं से उनके द्वारा लिखे गए आदेश/निर्णय, निर्मित किए गए आरोप एवं वाद प्रश्न तथा तैयार किए गए अभियुक्त के परीक्षण प्रश्न (पंच कार्य), नमूने के रूप में बुलाए गए थे व आदेशिकाओं की नकलें भी प्राप्त हुई थीं। उक्त कार्य का अवलोकन, निरीक्षण व परीक्षण इस संस्था द्वारा एवं माननीय न्यायाधिपति श्रीमान आर.पी. अवस्थी (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया। प्रसन्नता की बात यह थी कि न्यायिक अधिकारीगणों की कार्य पद्धति व विधि प्रक्रिया को समझने की क्षमता अच्छे से विकसित हुइ है। इस सत्र में आए प्रशिक्षुगण की समझने की क्षमता में पर्याप्त रूप से वृद्धि हुई होकर अपने कर्मक्षेत्र में कार्य करने का संकोच व नये पन की अनुभूति में भी कुछ कमी आई व विश्वास जागृत हुआ। दोनों प्रशिक्षण कालों के बीच अवधि में जो कार्य इन अधिकारीगणों ने किया वह पुनर्निदेशन प्रशिक्षण सत्र में अत्यंत लाभदायक रहा। सारवान विधि के आधार पर प्रकरणों का निराकरण तो प्रत्येक न्यायिक अधिकारी को करना ही होता है लेकिन प्रक्रिया सम्बन्धित विधि का अपालन एवं पालन न करने के जो परिणाम सामने आता है उस कारण प्रकरणों के निराकरण में जो देरी होती है उनके कारणों की अनुभूति भी कराई गई।

प्रशिक्षण वर्गों में यह सतत् रूप से प्रयत्न रहा है कि 'पंचकर्म' करते समय किन–किन मूलभूत बातों का ध्यान रखा जाना है। विभिन्न प्रकार के जो आवेदन पत्र आते हैं उन पर किस प्रकार से आदेश पारित करना है ताकि रिवीजनल कोर्ट को आदेश देखकर प्रकरण का संपूर्ण चित्र सामने आना चाहिए जैसे प्रकरण की विषय वस्तु, पक्ष–विपक्ष का संक्षिप्त में प्रकरण, आवेदन प्रत्र के तथ्य व आधार, अनावेदक की उक्त आवेदन पत्र के विषय में प्रतिरक्षा व न्यायालय का आदेश। यही बात चार्ज एवं आरोप निर्मित करने के संबंध में बताई गई है। संभवतः द्वितीय पुनर्निवेशन सत्र अगले सितम्बर–अक्टूबर में पुनः शुरू हो।

इस सत्र को माननीय न्यायाधिषति एवं अध्यक्ष न्यायिक अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान श्रीमान सी.के. प्रसाद महोदय ने मंगलाचरण के साथ आर्शीवचन से प्रवर्तित किया। माननीय महोदय ने प्रशिक्षणार्थियों को स्मरण कराया कि प्रारंभिक सत्र में वे अधिवक्ता से व्यवहार न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति पश्चात प्रशिक्षण हेतु आए थे तब न्यायिक कार्य विषयक वातावरण नया नया एंवं अपरिचित व अटपटा लग सकता था लेकिन जब वे दुबारा प्रशिक्षण हेतु आए हैं तब कार्य प्रक्रिया से किसी सीमा तक परिचित हुए हैं व न्यायिक व्यवहार के प्रति भी अभिज्ञ हुए होंगे। माननीय प्रसाद साहेब ने अपने आर्शीवचनों में प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य उर्जा की पूर्ति करना होता है जिसके द्वारा अंतः चेतना को जगाया जा सके। आप में जो गुण है जो

ज्ञान है उसका अधिकतम, उत्कृष्टतापूर्वक उपयोग न्यायिक आचरण में हो यह लक्ष्य होता है। इससे चेतन मन समझने लगता है व व्यवहार में परिणिति होती जाती है।

माननीय श्रीमान प्रसाद महोदय ने इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट किया कि अधिवक्ता के रूप में पक्षकार की ओर से प्रतिनिधित्व करना एक बात होती है। चूंकि अधिवक्ता अपने पक्षकार का प्रतिनिधित्व करता है अतः उसे ऐसा लगता है कि उसका पक्षकार ही सही है तथा उसके पक्ष में ही आदेश/निर्णय होना चाहिए। लेकिन एक न्यायाधीश के रूप में न्यायाधीश का सोच चिंतन व प्रकरण के निराकरण करने का आधार एकदम भिन्न होता है क्योंकि एक न्यायाधीश को अभिकथन, साक्ष्य का मूल्यांकन करके व विधि प्रावधानों को देखकर निर्णय देना होता है। प्रथम प्रशिक्षण दौर में यह बताया गया था कि स्वयं का व्यवहार न्यायाधीश के रूप में कैसा होना चाहिए। अब उस संबंध में जो अनुभव प्राप्त किया है उसे न्याय निर्णय में हिस्सेदार बनाए व निष्पक्ष रूप से कार्य करें। श्रीमान प्रसाद साहेब ने आगे यह भी कहा कि न्याय क्षेत्र में एक भ्रम सतत् रूप से रहा है कि हर कोई यह मानता है कि वो जो कह रहा है वही सत्य है लेकिन सत्य क्या है यह न्यायिक प्रावधानों, विधि प्रक्रिया अनुसार करना है। इस संबंध में मनमानी नहीं की जा सकती एवं मर्यादाओं में रहना जरूरी है अन्यथा प्रत्येक न्यायाधीश अपनी इच्छा अनुसार कार्य करेगा तो अराजकता निर्मित होगी। (देखें ***2000 (3) एम.पी.एल.जे. 464 आर.सी. बन्सल वि. माननीय उच्च न्यायालय***)।

श्रीमान प्रसाद साहेब ने कहा कि न्यायिक अधिकारी होने के नाते न्यायाधीश का व्यवहार किसी अन्य अधिकारी कर्मचारी से भिन्न हो। जो व्यवहार सामान्य रूप से होता है वह मानसिकता उनकी न हो यथा वर्ष के अंत में जितना अवकाश शेष है वह जबरदस्ती बिना औचित्य व कारण के लेना।

माननीय न्यायाधिपति श्रीमान सी.के. प्रसाद महोदय ने अपने उद्‌बोधन का समापन करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारीगणों ने अपने न्यायादान के कार्य के प्रति सम्पूर्ण रूप से समर्पित होना चाहिए। शक्तिशाली व अकिंचन के बीच में भी उन्हें ही न्याय करना है अतः किसी से प्रभावित हुए बिना कार्य करने हेतु आवाहन किया।

इस सत्र में माननीय न्यायाधिपति श्रीमान आर.पी. अवस्थी (सेवानिवृत्त) श्री के.डी. खान, सचिव म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति श्री सी.व्ही. सिरपुरकर एवं श्री ए.एम. खरे क्रमशः एडि. रजि. (न्या.) एवं (प्र) म.प्र. उच्च न्यायालय ने प्रशिक्षण वर्ग में सम्बोधित किया। विभागाध्यक्ष फोरेन्सिक सायन्स, मेडिकल कॉलेज जबलपुर श्री डी.के. साकल्ले ने भी प्रशिक्षण वर्ग को मेडिको लीगल प्रकरणों के संबंध में संबोधित किया।

SOME NOTABLE EXCERPTS

"Justice means Justice between both the parties the interests of Justice equally demand that the guilty should be punished and that technicalities and irregularities which do not occasion failure of Justice are not allowed to defeat the ends of Justice. Principles of natural Justice are but the means to achieve the ends of Justice. They can not be perverted to achieve the very opposite end. That would be a counter productive exercise."

- B.P. Jivan Reddy, J. in State Bank of Patiala vs. S.K. Sharma, (1996) 3 SCC 364, para 32

न्यायरूपी नवनीत

जागते रहो यह स्तम्भ शुद्ध सात्विक उद्देश्य से जारी है। इसमें उल्लेखित घटनाएं काल्पनिक नही होती विभिन्न स्त्रोतों से ज्ञात जानकारी के आधार से लिखा जाता है। सामान्य रूप से कहां–कहां भूल होने की संभावना होती है व की जाती है इस ओर ध्यान आकृष्ट करने का आशय रहता है जिससे भूलों को न्यून किया जा सके। यह बहुत स्वाभाविक है कि जब हम न्यायिक अधिकारी इस स्तंभ पढ़ते हैं तो यह भी देखते हैं कि हमारे विषय में तो नहीं लिखा गया है। जैसे त्याग तपस्या वाली फिल्मों को देखकर हरेक को लगता है कि अरे ! ये तो मेरे जैसी ही बात है। कुछ तथ्य ऐसे होते हैं कि अधिकांश जन यह सोचते समझते हैं कि ये तो मेरे विषय में ही लिखा गया है जबकि एक से अधिक ऐसे विषय होते हैं कि उससे संबंधित आदेशों निर्णयों में समान रूप से भूलें होती हैं। किसी भी न्यायिक अधिकारी का न तो नाम लिखा जाता है न आलोचना होती है अपितु विवेचन, विधिक स्थिति व अधिक से अधिक यह कह लें कि समीक्षा मात्र होती है वह भी सरसरी रूप से। अतः यह स्तंभ हम जब पढ़ते हैं तो मन में यह भावना होना चाहिए कि हमारे हाथों ऐसी भूलें न हों या हमारी ही भूलों के विषय में लिखा है तो आत्म परीक्षण होना चाहिए कि ऐसी भूल क्यों हुई। इस पत्रिका में किसके कहने से छपा, क्यों छपा, निदेशक को किसने कहा इसका विश्लेषण, विच्छेदन की आवश्यकता ही नहीं है न किसी के साथ बदला लेने की आवश्यकता है। यह तो निरर्थक है। विपरीत इसके यदि हम ऐसा करते हैं तो निश्चित समझिए कि हम विषय को सुधार की भावना से नहीं ले रहे हैं तथा यह मान बैठे हैं कि हमारे से तो भूल होना ही नहीं है। ऐसे विचार उदात्त प्रवृत्ति को प्रतिलक्षित नहीं करते।

दो लेख ज्योति **2000 (1) पृष्ठ 20 एवं 33 (फरवरी)** पर प्रकाशित हुए व साथ ही एक निर्णय जो सर्वोच्च न्यायालय का था वह भी द्वितीय लेख के साथ पृष्ठ 37 पर प्रकाशित हुआ। प्रथम लेख था एक पक्षीय प्रकरणों में विचारणीय बिंदु। दूसरा लेख था "अभिकथनों के आधार से दावे का पारित करना।" इसी संबंध में अभी हाल में एक और दृष्टांत आया है वो इस प्रकार है ***मुनीर वि. रमेश उटवाल 2000 (2) जे.एल.जे. 233*** जो ज्योति में प्रकाशित भी किया है।

अच्छी बात थी कि इन लेखों पर किसी एक जिले के न्यायिक अधिकारी गणों ने आपस में चर्चा की। लेकिन चर्चा का निष्कर्ष चौंकाने वाला था। निष्कर्ष यह था कि ऐसा नहीं करेंगे तो क्या फर्क (अंतर) पड़ेगा। अर्थात हम करें तो हमारी मर्जी न करें तो हम हमारे मन के मुख्तार। हम आपको फर्क पड़ेगा काफी समय पश्चात् लेकिन पक्षकारों को आर्थिक अपव्यय व समय के अपव्यय का तत्काल फर्क पड़ेगा। हमारा ऐसा सोच न्याय व्यवस्था के विपरीत होगा। न्यायिक अधिकारीगण होने के नाते यह अपेक्षा होती है कि किसी विषय पर विश्लेषणात्मक अध्ययन हो। पक्ष–विपक्ष, अनुकूल प्रतिकूल आधार क्या है आदि के संबंध में समालोचन (समीक्षा) हो। केवल प्रशंसा या आलोचना नहीं। ऐसा क्यों होना चाहिए, क्यों नहीं होना चाहिए उसके परिणाम क्या होंगे व आगे चलकर क्या स्थिति उत्पन्न होगी। ये बातें यदि समूह विवेचन (Group discussion) में विचार विमर्श के रूप में स्तरीय पुस्तकों के आधार से व न्याय दृष्टांतों के आधार से हो तो न्यायपालिका को कितना हीतप्रद होगा इसकी सहज कल्पना हो सकती है। ऐसी चर्चाओं में एक दूसरे पर आक्षेप न हों अपमान जनक शब्दों का प्रयोग न हो तो दूध में शक्कर का काम होगा। यदि हम इस

भावना के साथ बैठे कि हमारे विषय में ही क्यों लिखा या हम ही सही थे तो हमने अपनी भावनाओं को विचारों को आंदोलित करने की शक्ति को ही त्याग दिया है या उसका ह्रास हो गया है ऐसा माना जाएगा। विचारों की अभिव्यक्ति के वक्त सह–न्यायाधीश बंधुओं के प्रति शिष्ट व्यवहार हो तथा आप किसी के विचारों से असहमत हों तो ऐसा भी कह सकते हैं कि मैं विनम्रता पूर्वक इन इन कारणों से असहमत हूं व कारण बताना न भूलें। आप गलत हैं, आपको कुछ नहीं आता जैसे तिरस्कार, अवज्ञा, घृणा अवहेलना (disdain disesteem) युक्त शब्दों को प्रयोग भी न हो। आता किसको है यह यक्ष प्रश्न होगा जो न्याय क्षेत्र में अनुत्तरित ही रहेगा।

एक और चिन्तन युक्त लेख ज्योति **2000 (5) अक्टूबर पृष्ठ 576** पर छपा था "Granting of bail by Magistrates, having no jurisdiction to try cases. इस पर भी इसी प्रकार की प्रतिक्रिया ज्ञात हुई। न्यायिक अधिकारी गणों ने कहा हां ठीक है ऐसा हो भी सकता होगा पर हम ऐसा क्यों करें। सवाल ये नहीं है कि हम ऐसा क्यों करें। सवाल ये है कि ऐसा क्यों नहीं करें। ये तो अभियुक्त के अधिकार व हमारे कर्तव्य का प्रश्न है। हम जिस कुर्सी पर बैठे हैं उस कुर्सी की यह अपेक्षा है।

एक अन्य प्रतिक्रिया। **ज्योति 2000 (5) अक्टूबर पृष्ठ 565** पर, एक और लेख छपा था "अपराधिक प्रकरणों में समझौता"। मूल विषय था धारा 320 (5) द.प्र.स. के अनुसार राजीनामा। अनेकानेक दृष्टांतों के साथ विचारों की प्रस्तुति थी। इस लेख पर यह विचार व्यक्त किया गया कि हां सो तो ठीक है पर कोई एक दृष्टांत सर्वोच्च न्यायालय का सुना था। उस अनुसार राजीनामा नहीं होगा ऐसा लिखा है। मैंने पूछा आपने ज्योति में प्रकाशित लेख पढ़ा क्या। उत्तर था नहीं। सर्वोच्च न्यायालय का वो दृष्टांत जिसमें ऐसा कहा गया है पढ़ा है क्या तो उत्तर था नहीं। अब यदि यह बात है तो मैंने पूछा आपसे इस विषय पर क्या चर्चा हो सकती है तो उत्तर था देखेंगे। बीते समय की ओर मुड़कर देखें तो ऐसा लगता है कि हमारी मानसिकता (विचारशैली) में तीव्र गति से परिवर्तन हो रहा है। पहली बात यह कि हमारी पठन शक्ति (रीडिंग पॉवर) अत्यंत क्षीण हो गई है। अंदाज व अनुमान शक्ति (इमॅजिनेशन तथा ॲझमशन पॉवर) में बेतहाशा वृद्धि हुई है। हम अधिकांश कार्य अंदाज व अनुमान से करने की कार्यशैली विकसित करते जा रहे हैं। किस कारण से? इसका उत्तर दबे स्वरों में मिलता है यूनिट्स के कारण। हर कोई वार्षिक यूनिटपति बनना चाहता है। अहोरात्र एकत्र किए हुए यूनिट्स की चर्चा होती है। कोई हाथ से लिखा पुर्जा तो कोई टाईप किया लेखा जोखा सतत् तैयार रखता है। अर्थात हमारा एक मात्र लक्ष्य अधिक से अधिक यूनिट्स प्राप्त करना रहा है न कि विधिसम्मत न्याय निष्कर्ष निकालने का। सत्र न्यायालय के एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कह रहे थे कि अपीलों की सुनवाई में बहुत कठिनाईयां आती हैं। प्रक्रिया संबंधी प्रावधान व विधिक प्रावधानों का चिंतन तो निर्णय में होता ही नहीं है। वास्तव में हमारा मानसिक स्तर ऊँचा उठना बहुत जरूरी हो गया है। उदार चरित्र (ब्राड माइंन्डेडनेस) की बहुत बड़ी जरूरत है। सतही चिंतन के बजाय गहरा विश्लेषणात्मक चिंतन व व्यवहारिक विधिक ज्ञान (ॲप्लाइड लीगल नॉलेज) और सब से बढ़चढ़कर आत्म विश्वास की कि हम निर्भय होकर हमारा कार्य करेंगे की आवश्यकता है। ऐसा विचार मन में तो आना ही नहीं चाहिए कि मैंने ऐसा आदेश दिया तो कहीं मेरी नौकरी तो खतरे में नहीं पड़ जाएगी। विचार ये आना चाहिए कि ऐसा आदेश दिया तो कहीं किसी का न्याय्य अधिकार तो खतरे में नहीं पड़ेगा। नम्र निवेदन है कि अपने विचारों को तीव्र गति से आंदोलित करें। समुद्र मंथन की आवश्यकता नहीं है। विचारों को उतना ही मथें जिससे शुद्ध सात्विक न्यायरूपी नवनीत की प्राप्ति हो। व्यक्ति रूपी चिन्तन नहीं समष्टि युक्त विचार हों।

अपराधी द्वारा मजिस्ट्रेट के सन्मुख आत्मसमर्पण करना व उसे प्रतिभूति पर मुक्त किया जाना
(धारा 44 (2) दं.प्र.सं. का विश्लेषण)

पुरूषोत्तम विष्णु नामजोशी

एक विश्वास जो सामान्य रूप से न्यायपालिका क्षेत्र में घर कर रहा है वो यह कि न्यायाधीशगण सामान्यतः प्रतिभूति आदेश देने में असुविधा की अनुभूति करते हैं। अब यह बात इस सीमा तक चिन्तन का विषय है कि नित्यचर्या में यह बात कही जाती है कि हे अभियुक्त ! तुझे प्रतिभूति पर मुक्त करके हम सेवा से मुक्त हो जाने से बेहतर है कि तू जेल में चला जा। हमारी नौकरी बच जाएगी। जब ऐसी चर्चा नित्यचर्या में सुनाई पड़ती हो तब यह लेख निश्चित रूप से ऐसे विचार धारकों को अप्रासंगित होगा। लेकिन विचारों का आदान प्रदान नए क्षितिज सामने लाने के लिए सहायक भी हो सकता हैं। सभी का चिन्तन ऐसा नहीं होता। कुछ न्यायाधीश दुःसाहस न करते हुए अपने क्षेत्राधिकार में रहते अधिकार–विवेक एवं कर्तव्य का सुयोग्य सामंजस्य स्थापित कर न्यायिक आदेश न्याय सम्मत रूप से पारित करते ही हैं। अपने आपको उस योग्य स्थापित भी कर लेते हैं। न्यायाधीश का मूलभूत गुण एवं पद का आधार ही निर्भय होकर कार्य करने का है। इसलिए यह लेख लिखा जा रहा है। यह वैचारिक चिंतन है। मतभिन्नता स्वाभाविक है लेकिन मतभिन्नता के नाम पर अक्खड़पन न हो अपितु प्रति चिंतन लाभदायक होगा।

धारा 44 (2) दंड प्रक्रिया संहिता इस प्रकार है;

44 मजिस्ट्रेट द्वारा गिरफ्तारी (1) .....

x x x x x

(2) कोई कार्यपालक या न्यायिक मजिस्ट्रेट किसी भी समय अपनी स्थानीय अधिकारिता के भीतर किसी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है, या अपनी उपस्थिति में उसकी गिरफ्तारी के लिए वह उस समय उन परिस्थितियों में वारण्ट निर्गमित करने के लिए सक्षम है।

उपरोक्त प्रावधान का विश्लेषण इस प्रकार होगा।

(एक) यह अधिकार कार्यपालक व न्यायिक मजिस्ट्रेट दोनों को प्रदत्त किया गया है।

(दो) यह अधिकार अपनी स्थानीय अधिकारिता के भीतर प्रयोग में लिया जा सकता है।

(तीन) यह अधिकार ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध प्रयोग में लिया जा सकता है जिसकी गिरफ्तारी के लिए वह उस समय और उन परिस्थितियों में वारण्ट जारी करने के लिए सक्षम है या अपनी उपस्थिति में उसकी गिरफ्तारी का निर्देश दे सकता है।

प्रथम दो मुद्दे साधारण हैं तीसरा विश्लेषण योग्य है। तीसरे मुद्दे को सार संक्षेप में कहा जाए तो यह कि धारा 44 (2) के अंतर्गत मजिस्ट्रेट उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकेगा, वारण्ट जारी कर सकेगा जिसके संबंध में उसे अधिकारिता है। यथा कोई भी मजिस्ट्रेट चाहे जिसको न गिरफ्तार कर सकता है न चाहे जिसके विरूद्ध वारण्ट जारी करने का आदेश दे सकता है न चाहे जिसका समर्पण स्वीकार कर सकता है। अधिकारिता है तो ही ऐसा कर सकता है।

गिरफ्तारी वारण्ट जारी करने की अधिकारिता हमें दं.प्र.स. की धारा 61 से 90 के प्रावधानों के अंतर्गत पाठ छह में उपलब्ध है जिसके अंतर्गत समन्स, वारण्ट जारी किए जा सकते हैं। ध्यान रहे पाठ 5 के अंतर्गत

धारा 41 में पुलिस के गिरफ्तारी के अधिकार हैं। अतः ऐसा अधिकार न्यायालय भी प्रयोग कर सकता है। देखें ***डायरेक्टर ऑफ इन्फोर्समेंट वि. दीपक महाजन ए. आय.आर. 1994 सु. को. 1775***। उसमें सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि taking of a person into judicial custody is followed after the arrest of the person by the Magistrate on appearance or surrender. In every arrest, there is custody but not vice versa and 'custody' and 'arrest' are not synonymous terms. 'कस्टडी' तथा 'अरेस्ट' में अंतर क्या है इसे जानने हेतु कृपया **1980 क्रि. लॉ. ज. जनरल सेक्शन पृष्ठ 43 का लेख, लेखक श्री भवानी सिंह अधिवक्ता हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय संप्रति माननीय मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय को देखें।**

ए. आय. आर 1951 सु. को पृष्ठ 207 आर.आर. चारी वि. स्टेट का दृष्टांत देखने योग्य है। **दंड प्रक्रिया संहिता लेखक डॉ. दुर्गादास बसु 1979 का प्रकाशन, प्रिंटिस हॉल ऑफ इंडिया प्रकाशन (अंग्रेजी संस्करण)** में पृष्ठ 109 पर उल्लेखित टिप्पणी पढ़ने योग्य है वह इस प्रकार है जो धारा 44 (2) के संदर्भ में है :—

Sub-sec. (2) : Where 'competent to issue a warrant'. 1. The power under this sub-section extends to all cases where the Magistrate is empowered to issue a warrant for arrest to a Police officer, including cases under a special law, such as the Bombay Gambling Act, 173, Suppression of Immoral Traffic in Women and Girls Act, 1956. 174

2. Under the new Code, a Judicial Magistrate U/s.3 (1) (a) (i)) may issue a warrant for causing the arrest of the accused to be brought before him, after taking cognizance of a warrant-case (s. 204 (1) (b) ; or, in certain contingencies mentioned in s. 87, after taking cognizance of a summons-case. Hence, in such cases instead of issuing the warrant, the Magistrate may himself arrest or direct another person to make the arrest in his presence, without issuing a warrant.

3. Even apart from the foregoing cases, the Supreme Court has held that though there is no express provision, a Magistrate may also issue a warrant before taking cognizance, in cases where a Police officer would be competent to arrest without warrant, under S. 41 for, **it would be unreasonable to hold that a Magistrate cannot do what a Police officer can, namely, to arrest a person suspected of having committed an offence specified in S. 41.**

अब प्रश्न यह उपस्थित होगा कि क्या कोई व्यक्ति जिसे गिरफ्तार करने का अधिकार या जिसके विरूद्ध गिरफ्तारी वारण्ट निर्गमित करने का अधिकार किसी मजिस्ट्रेट को है के सामने ऐसा व्यक्ति समर्पण (सरेंडर) कर सकता है क्या तथा ऐसे व्यक्ति को प्रतिभूति पर छोड़े जाने का अधिकार जमानत के प्रावधानों के आधीन प्रतिभूति पर छोड़ने का अधिकार है क्या।

एक बात बहुत स्पष्ट है कि जो व्यक्ति मुक्त है उसे जमानत पर क्या छोड़ेंगे। वास्तव में जमानत पर तो तब छोड़ेंगे जब कोई व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है। अतः जमानत केवल उस व्यक्ति की हो सकती है जो गिरफ्तार हुआ है। ध्यान रखना धारा 438 दं.प्र.सं. के अंतर्गत भी गिरफ्तारी पूर्व जमानत में भी जमानत का आदेश तब ही प्रभावशील होगा जब ऐसे व्यक्ति को प्रथमतः गिरफ्तार किया जाएगा व तत्काल उसे आदेश के पालन में जमानत पर छोड़ दिया जाएगा। देखें **1963 जे.एल. जे. 390 (खंडपीठ) चरण 10 एवं 1951 नागपुर 471 *स्टेट वि. हसरा*** एवं **धारा 438 द.प्र.सं। 1980 क्रि. लॉज. 426 *निरंजन सिंह वि. प्रभाकर*** का दृष्टांत सर्वविदित है। उक्त दृष्टांत में विस्तार से बताया है कि अभियुक्त के द्वारा न्यायालय के सामने समर्पण करने के पश्चात वह न्यायालय के कस्टडी में आ जाता है व न्यायालय को यह अधिकार है कि उसे प्रतिभूति पर छोड़

दें। उक्त निर्णय के चरण 5 से 9 को तो अवश्य ही पढ़ लें। चरण 9 में यह बताया है कि "---- He (accused person) can be stated to be in Judicial custody when he surrenders before the court and submits to its directions."

इस संबंध में कुछ दृष्टांत इस प्रकार हैं। एक दृष्टांत ***1960 जे.एल. 1078 सुखलाल वि. स्टेट*** का है जिसमें कहा गया था कि अभियुक्त यदि स्वयमेव आकर कहता है कि उसे जमानत पर छोड़ दो तो मजिस्ट्रेट ने उसे पुलिस के पास भेजना चाहिए। लेकिन यह दृष्टांत ***1963 जे.एल.जे. 390 स्टेट वि. नारायण प्रसाद*** (खंडपीठ) द्वारा ओव्हर रूल कर दिया गया है। 1963 के उक्त दृष्टांत के चरण 8 में स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "It would be altogether anomalous for a Court to place a person against whome there is no warrant of arrest and who is not required to Surrender to any custody, for having committed some offence when he comes to the Court for bail proclaiming boldly that he has not committed any offence and there is no ground for his arrest in future. By adopting such a course, the Court would be interfering with the police in matters which are within their province." **ए.आय.आर. 1945 प्रिव्ही काउन्सिल पृष्ठ 18** का अवलंबन किया गया था।

इसी दृष्टांत में चरण 7 में कहा गया था कि 'Bail' means release of a person from legal custody, the grant of bail to a person presupposes that he is in the custody of the police or of the court, or, if not already in such custody is required to such custody. इस दृष्टांत द्वारा ***1963 जे.एल.जे. शार्ट नोट 62 राज्य वि. भगवत साव*** का दृष्टांत ओव्हर रूल कर दिया था। जिसमें गिरफ्तारी पूर्व प्रतिभूति के लिए गिरफ्तारी की आवश्यकता नहीं थी। ऐसा कहा गया एवं ॲपिअर्स (उपस्थित होना) शब्द का निर्वचन था। इसी प्रकार का एक दृष्टांत ***1959 जे.एल.जे. 480 अब्दुल करीम खान वि. राज्य*** भी उक्त निर्णय द्वारा ओव्हर रूल किया गया था।

इस प्रकार धारा 44 (2) के भाष्य के रूप में यह कहा जा सकता है कि वह आरोपी जो स्वयं न्यायालय के सामने उपस्थित होता है (appears) या जिसे आशंका है (Apprehension) या विश्वास है (believes) कि उसने जमानतीय अथवा अजमानतीय अपराध किया है ऐसा आरोप या आक्षेप है तो वह व्यक्ति ऐसे अधिकारिता वाले मजिस्ट्रेट के सामने उपस्थित होकर आत्म समर्पण कर सकता है व तब मजिस्ट्रेट विधिवत रूप से उसे कस्टडी में ले सकता है व गिरफ्तार भी कर सकता है।

लेकिन प्रश्न यह उपस्थित होगा कि गिरफ्तारी पश्चात क्या करे? इस बात का कोई खुलासा धारा 44 (2) दं.प्र.स. में नहीं है। विधि कभी भी अविवेकी, असंतुलित नहीं होती है। जैसा कि उपर बताया गया है ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट आरक्षी केन्द्र भेजने का काम नहीं करेगा। धारा 44 (2) यह भी नहीं कहती कि उसे निरोध में (रिमांड) भेजा जावे। इस संबंध में भाष्य किया जाना है। इस संबंध में एक दृष्टांत इस प्रकार है।

1977 क्रि. लॉ. जनरल 1783 (इलाहाबाद) रामचंद्र वि. राज्य,

उक्त दृष्टांत में कहा है कि Under S. 44 (2) Magistrate has no power to commit to custody a person arrested by him under the said section. लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि मजिस्ट्रेट की स्थिति सांप छुछुंदर जैसी होगी। वास्तव में धारा 44 के प्रावधान पाठ 5 के अंतर्गत आते हैं। वह पाठ व्यक्तियों की गिरफ्तारी से संबंधित है। इसी पाठ की धारा 57 के अंतर्गत अभियुक्त को विशेष परिस्थिति में मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत करना होता है। न्यायालय अभियुक्त को जो रिमांड पर जेल या पुलिस अभिरक्षा में भेजता है वह धारा 167 दं.प्र.स. के अंतर्गत भेजता है। वह धारा पाठ 12 में है। एक अन्य प्रावधान धाना 309 (2) के प्रोव्हिजो (परंतुक) के अंतर्गत है जिसके तहत मजिस्ट्रेट अभियुक्त को समय–समय पर न्यायिक अभिरक्षा में भेज सकता है। यह प्रावधान पाठ 24 के अंतर्गत जांच व सुनवाई के संबंध में सामान्य प्रावधानों के विषय में है। इस विषय

को विस्तार से निम्न दृष्टांतों में बताया है। वे दृष्टांत इस प्रकार हैं।

(1) ***ए.आय.आर. 1975 सु. को 1975 क्रि. लॉ. ज. 1212 नटवर वि. स्टेट,***

(2) ***ए.आय.आर. 1960 म.प्र. (डी.बी.) 135=1960 क्रि. लॉ. ज. पेज 608 श्रीलाल वि. आर.आर. अग्रवाल***

उपरोक्त आधारों को विचार में लाने के पश्चात ये स्पष्ट हो जाएगा कि एक बार मजिस्ट्रेट ने किसी व्यक्ति को धारा 44 (2) दं.प्र.स. के अंतर्गत निरूद्ध किया है उसे धारा 167 के अंतर्गत जेल में या पुलिस रिमांड पर भेजा जा सकता है अथवा धारा 436–37 के अंतर्गत जैसी भी स्थिति हो प्रतिभूति पर मुक्त किया जा सकता है और तब मजिस्ट्रेट का ऐसा कार्य विधिवत अधिकारिता के श्रेणी में होगा। इस संबंध में भी विस्तार से साधार विचार करते हैं।

ए.आय.आर. 1951 नागपुर 471 स्टेट वि. हसन में कहा है कि गिरफ्तारी पूर्व जमानत में भी यह पूर्व कल्पना नहीं है कि ऐसे व्यक्ति को बिना गिरफ्तारी जमानत पर छोड़ दिया जाएगा (प्रारंभ में ही यह बता दिया है) धारा 438 दं.प्र.सं. भी यही बात कहती है। ***1982 क्रि. लॉ. ज. 1334 बी. नारायण वि. स्टेट (कर्नाटक)*** में बताया है कि स्वेच्छिक रूप से भी आरोपी न्यायालय के सम्मुख उपस्थित होकर न्यायालय के अधिकारिता में आत्मसमर्पण कर सकता है व समर्पण स्वीकार होते ही वह व्यक्ति न्यायिक अभिरक्षा में है व अपराध जमानतीय है तो मजिस्ट्रेट का कर्तव्य होगा कि उसे प्रतिभूति पर छोड़े।

1980 क्रि. लॉ ज. पृष्ठ 426 (सुको) निरंजन प्रसाद वि. प्रभाकर में 'कस्टडी' शब्द को परिभाषित करते सर्वोच्च न्यायालय कहता है कि appearance of 'accused' before court amounts to custody अर्थात किसी 'व्यक्ति' को धारा 44 (2) दं.प्र.सं. के अंतर्गत निरोध में लेते ही वह 'अभियुक्त' की श्रेणी में हो जाएगा व न्यायालय की अभिरक्षा में होगा और एक बार अभिरक्षा में होने पर न्यायालय को या तो उसे प्रतिभूति पर छोड़ना है या न्यायिक अथवा पुलिस अभिरक्षा में, जैसी भी स्थिति है भेजना है। अर्थात जहां धारा 44 (2) दं.प्र.सं. के अंतर्गत व्यक्ति को समर्पण पूर्ण हो जाता है हम एक स्टेज को पार कर जाते हैं व तब आप औसत प्रज्ञावान मजिस्ट्रेट के रूप में कल्पना कर सकते हैं कि यदि पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने प्रस्तुत करती है तो मजिस्ट्रेट को धारा 167, 436–37 या धारा 309 दं.प्र.सं. के अंतर्गत ही कार्यवाही करना अनिवार्य है। ***1982 क्रि. एल.जे. 1816 (गुहाटी) स्टेट वि. मुबारक*** में कहा है कि यदि किसी व्यक्ति ने स्वेच्छया न्यायालय के सामने समर्पण किया है तथा मजिस्ट्रेट ने उसे प्रतिभूति पर मुक्त किया है तो मजिस्ट्रेट ने अपनी अधिकारिता में धारा 437 दं.प्र.स. के अंतर्गत ही कृत्य किया है। ***1981 क्रि. लॉ. ज. 1057 (उड़ीसा) ब्रामर वि. स्टेट*** में कहा है कि restraint but Voluntarily appearing and Surrendering before court is not entitled to bail but a person under restraint by arrest or otherwise can be granted bail under Ss. 436, 437 and 439.

इस प्रकार कोई व्यक्ति यदि न्यायालय के सामने आता है व न्यायालय को समाधान कर देता है कि वह किसी प्रकरण में या अनुसंधान में आरोपी है एवं वह समर्पण करना चाहता है तो न्यायालय उसे निरोध में लेगी व ऐसा करना उसका कर्त्तव्य भी होगा। क्योंकि वह व्यक्ति किसी अपराध से संबंधित अभियुक्त है और जैसे ही ऐसा करेगा न्यायालय का कर्त्तव्य हो जाएगा कि धारा 167, 436–37 अथवा धारा 309 द.प्र.स. के अंतर्गत कार्यवाही करे।

यह तो हो गया सिद्धांत। उसे न्यायालयीन प्रक्रिया में कैसा उतारा जावे यह भी समझ लेना आवश्यक है। यह बात तब ही आसानी से समझ में आएगी जब हम पूर्वाग्रह से मुक्त होकर वैचारिक समीर को प्रवेश देने हेतु, हमने प्रज्ञावान व्यक्ति के रूप में विचारों को सकारात्मक रूप से ग्रहण करने हेतु गवाक्ष को मुक्त रूप से, खुला

रखा है व वातावरण को शुद्ध रखा है। पूर्वाग्रह दो प्रकार के होते है। एक अनुकूल (फेवरेबल) दूसरा प्रतिकूल (अनफेवरेबल)। जैसा सूचना माध्यमों के द्वारा ज्ञात हुआ कि तामिलनाडु एवं कर्नाटक के टाडा न्यायालयों ने सरकारों को लाभ पहुंचाने हेतु अनुकूल आदेश दिया व अभियुक्त गणों को मुक्त करने हेतु निर्देश दिया। यह अनुकूल पूर्वाग्रह कहलाएगा। उसी प्रकार यदि हम अपनी नौकरी (न कि न्यायाधीश का पद) सुरक्षित रहे इसलिए अभियुक्त की जमानत अर्जी निरस्त कर प्रतिकूल आदेश दे देते हैं तो यह प्रतिकूल पूर्वाग्रह कहलाएगा। ***1980 क्रि. लॉ. ज. 426 निरंजन सिंह वि. प्रभाकर*** एवं अन्य श्रेणीबद्ध (सिरिज) न्याय दृष्टांतों से ज्ञात होगा कि न्यायालयों ने प्रतिभूति आवेदन पत्रों को लापरवाही या अक्खड़पन के कारण (कॅव्हेलिअर) अथवा भोलेभालेपन या धोखा देने के आशय से (गॅलॅबॅसी) निराकृत नहीं करना चाहिए। विपरीत निष्पक्ष भावना से सोच विचार करके पक्ष–विपक्ष, अनुकूल प्रतिकूल प्रभाव (प्रॉस एण्ड कॉन्स) को ध्यान में रखकर आदेश पारित करना चाहिए। यही बात म.प्र. उच्च न्यायालय ने भी कई प्रकरणों में कही है। दहेज प्रतिषेत अधिनियम के अंतर्गत, धारा 323–506 (भाग–2) धारा 498ए जैसे अपराधों को अत्यंत गंभीर मानते आरोपी को एक 'कोर्ट' से दूसरे 'कोर्ट' में फुटबॉल बनाने की स्थिति भी कई प्रकरणों में उच्च न्यायालय ने सौम्य शब्दों में प्रतिलक्षित की है। अतः प्रतिभूति विषयक चिंतन धीर–गंभीर प्रवृत्ति की अपेक्षा रखता है तथा नौकरी के बजाय न्याय की चिंता की अपेक्षा करता है। इस विचार को ध्यान में रखकर अगली प्रक्रिया का निदेशन प्रस्तुत कर रहा हूं।

धारा 157 दं.प्र.सं. के अंतर्गत आरक्षी केन्द्र से संबंधित आरक्षी केन्द्र के मजिस्ट्रेट के यहां समय समय पर सूचनाएं भेजी जाती है। धारा 157 दंड प्रक्रिया संहिता का अंश इस प्रकार है।

157. अन्वेषण के लिए प्रक्रिया - (1) यदि पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी इत्तिला प्राप्त होने पर या अन्यथा, यह सन्देह करने का कारण है कि ऐसा अपराध किया गया है जिसका अन्वेषण करने के लिये धारा 154 के अधीन वह सशक्त है तो वह उस अपराध की रिपोर्ट उस मजिस्ट्रेट को तत्काल भेजेगा जो ऐसे अपराध का पुलिस रिपोर्ट पर संज्ञान करने के लिये सशक्त है।

ज्योति खंड दो भाग 1 फरवरी 1996 के पृष्ठ 36 पर जो परिपत्र प्रकाशित हुआ है वह इस प्रकार है।

The High Court of M.P. Jabalpur D.O. No. 3285/III-2-3/74 (F.I.R.), dated 4th December, 1995 is as under :

Sub :- Instructions to Magistrate regarding copy of F.I.R. sent to them by police.

As directed, I have to bring to your notice that Hon'ble the High Court has been pleased to pass the following Order on above mentioned subject :

"When a Police Officer delivers a copy of the F.I.R. in Court the same should be immediately placed before the Magistrate whether he is on the Bench or otherwise and the Magistrate should put his initial and the date on the copy and keep and preserve it and when the challan is filed, the copy of F.I.R. may be placed in the case Records."

I am, therefore, to request you to kindly instruct all the Magistrates under you to follow the instructions strictly.

द.प्र.सं. की धारा 157 के प्रावधान साक्ष्य के दृष्टिकोण से क्या महत्व रखते है यह विचार यहां नहीं किया जाना है। यहां यह देखना है कि ये प्रावधान दं.प्र.सं. की धारा 44 (2) के लिए किस प्रकार सुसंगत हैं। आने वाले कथनों में विभिन्न स्तरों पर विचार किया जा रहा है। धारा 157 के तहत मजिस्ट्रेट को जो सूचना आती है वह यह होती है कि पुलिस ने किस अपराध को पंजीकृत किया है, कौन अपराधी होना कहा गया है, किन प्रावधानों के अंतर्गत अपराध पंजीकृत किया है। इसका उपयोग इस प्रकार होगा।

मजिस्ट्रेट को धारा 438 दं.प्र.स. के अधिकार नहीं है। जिनको अधिकार है वे इस प्रावधान का उपयोग

जमानतीय अपराधों के लिए नहीं कर सकते। लेकिन तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो मजिस्ट्रेट की सीमा तक धारा 438 दं.प्र.स. से ज्यादा विस्तार धारा 44 (2) का है।

मानो किसी अपराध में कोई व्यक्ति पुलिस को आवश्यक है व पुलिस उसे गिरफ्तार करना चाहती है, उसने एक आवेदन पत्र संबंधित आरक्षी केन्द्र के अधिकारिता वाले मजिस्ट्रेट के यहां धारा 44 (2) के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया तो मजिस्ट्रेट क्या करेगा? मजिस्ट्रेट ने ऐसे आवेदन पत्र की नकल लोक अभियोजक (ए.डी.पी.ओ) को देना चाहिए व विविध अपराधिक प्रकरण के रूप में आवेदन पंजीकृत करना चाहिए। ध्यान रहे आवेदन पत्र में आवेदक का पहचान चिन्ह, अधिवक्ता हो तो उसके द्वारा आवेदक वही व्यक्ति है प्रमाणिकरण करवा लेवें। आवेदक के हस्ताक्षर भी अपने सामने ही हों। आवेदन पत्र जब सुनवाई के लिए आवे तो आवेदन पत्र के आधार से कोई संदर्भ उपलब्ध हो रहा हो तो धारा 157 दं.प्र.स. के अन्तर्गत प्राप्त सूचना को देखें व उसकी सहायता से आवेदन पत्र का निराकरण हो सकता है तो ऐसा आवेदन पत्र निराकृत कर दिया जाना चाहिए। यदि संभव नहीं है तो संबंधित पुलिस स्टेशन (आरक्षी केन्द्र) को आवेदन पत्र की नकल एक पत्र लिखकर भेजें व केस डायरी अथवा अन्य विलेख जो इस आवेदन पत्र से संबंधित हो आहूत करें, लोक अभियोजन को भी इस विषय में निर्देश दें। ऐसा करते हुए एक दो दिन की तिथि आरक्षी केन्द्र की दूरी को ध्यान रख कर निर्धारित करें। स्मरण रहे आवेदक को आप जेल नहीं भेज सकते न प्रतिभूति पर छोड़ सकते हैं। क्योंकि उसे न्यायालय ने निरोध में नहीं लिया है। पुलिस को पत्र लिखते समय यह भी लिखें कि आवेदक के आवेदन पत्र को स्वीकार किए जाने की स्थिति में यदि पुलिस, पुलिस रिमांड लेना चाहेगी तो उस तैयारी से उपस्थित हो।

निर्धारित तिथि पर आवेदन पत्र का निराकरण केस डायरी अथवा विविध प्रपत्र जो पुलिस द्वारा प्रस्तुत किया जाए उन्हें देखकर दोनों पक्षों को सुनकर आवेदन पत्र का निराकरण करें। यदि आवेदक का समर्पण विधिक दृष्टि से लिया जा सकता है तो लेना अनिवार्य है। ऐसा नहीं है कि हम उचित नहीं समझते इसलिए आवेदन पत्र निरस्त किया जावे। यह तो अनिवार्यता है। जैसा कि उपर बताया है कि यदि कोई व्यक्ति आरोपित है तो आप धारा 41 सपठित धारा 44 (2) जैसी भी स्थिति हो अवश्य ही कार्यवाही करेंगे। एक बार उसका समर्पण स्वीकार कर लेने के पश्चात आपका कर्तव्य है कि धारा 167–436–37 के अंतर्गत कार्यवाही करें। अपराध जमानतीय है तो जमानत का आदेश देना अनिवार्य है। अजमानतीय है व जमानत ली जा सकती है तो जमानत ले लेना ही न्याय संगत है। यदि पुलिस पुलिस रिमांड चाहती है व देने योग्य है तो ऐसा आदेश दिया जा सकता है। यदि उचित व न्यायिक विवेक के कारण प्रतिभूति लेना उचित नहीं माना जाता है तो न्यायिक निरोध में उसे भेज दें। यह प्रक्रिया निश्चित ही उचित, सुविधायुक्त व न्याय भावना से प्रेरित मानी जाएगी। नमूने के रूप में एक आदेशिका लिखकर बता रहा हूं। आवश्यकता अनुसार विभिन्न परिस्थितियों के आधार से उसमें परिवर्तन परिवर्धन, न्यूनकरण, लघुकरण किया जा सकता है। एक प्रारूप इस प्रकार है।

01–02–2000

म.प्र. शासन द्वारा ए.डी.पी.ओ. श्री ए.बी. सी.डी.

आवेदक सहित श्री बी.सी.डी.ई.

2. आवेदक ने एक आवेदन पत्र धारा 44 (2) दं.प्र.स. का प्रस्तुत किया। आवेदक का पहचान चिन्ह अंकित है उसे सत्यापित किया गया व पाया गया कि आवेदन पत्र में उल्लेखित चिन्ह ही उक्त आवेदक के शरीर पर है। उक्त व्यक्ति को आवेदक अधिवक्ता ने पहचाना इस बाबत टीप अधिवक्ता से इस न्यायालय के सामने लिखवाई गई व आवेदक के हस्ताक्षर भी प्रथमतः लिए गए। आवेदन पत्र की नकल लोक अभियोजक को दी गई। प्रकरण दोपहर पश्चात तर्क के लिए प्रस्तुत हो। इस बीच क्रिमिनल रीडर धारा 157 दं.प्र.सं. की सूचना

विविध फाईल में से (आवेदन पत्र में उल्लेखित घटनाक्रम की सूचना) यदि कोई हो तो निकाल कर रखें।

दोपहर 3 बजे

पक्षकारों की उपस्थिति लिखें। यदि धारा 157 के प्रावधानों की सहायता मिल रही है ता उसे देखें। उसी आधार से आवेदक के विषय में ज्ञात होता है कि उक्त आवेदक एक आरोपी के रूप में अपेक्षित है तो उसका समर्पण स्वीकार कर उसे कटघरे में खड़ा कर दें। सुरक्षा के लिए कोर्ट मोहर्रिर भी वहीं खड़ा कर दें। यदि प्रतिभूति आवेदन पत्र प्रस्तुत होता है या धारा 44 (2) के साथ ही प्रस्तुत हुआ हो तो उस पर विचार करें। अपराध जमानतीय है तो आवेदक जो अब अभियुक्त की स्थिति में आ गया है, जमानत पर छोड़ दे। यदि अजमानतीय अपराध है, तुच्छ कोटि का है जिसमें पुलिस रिमांड संभव या अपेक्षित नहीं है तब भी उसे जमानत पर छोड़ दें व आदेशिका की नकल पुलिस को भेज दें।

यदि तत्काल आवेदन पत्र का निराकरण नहीं हो सकता हो एवं आवेदक का समर्पण स्वीकार नहीं हो सकता हो तो प्रकरण अन्य तारीख हेतु निर्धारित कर दें लेकिन आवेदक को भी जाने दें। निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दें। आवेदन पत्र के निराकरण हेतु उसकी उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि निरोध में तो उसे ही लिया जाना होता है। इस प्रकार की प्रक्रिया को अंगीकार करना चाहिए। (एक और आदेशिका प्रारूप के रूप में दी है।)

आशा है धारा 44 (2) के उक्त प्रावधान के इस चिंतन पश्चात वैचारिक चिंतन को गति मिलेगी व प्रतिध्वनि के रूप में नया चिंतन सृजित होने में सहायता होगी।

यहां यह बताना समीचिन होगा कि धारा 438 दं.प्र.सं. के अंतर्गत गिरफ्तारी पूर्व जमानत के आवेदन पत्र में यह निर्देशित होता है कि यदि पुलिस आवेदक को गिरफ्तार करे तो तत्काल उसे प्रतिभूति पर छोड़ा जावे। ऐसी स्थिति में भी आवेदक अभियुक्त जिसके पक्ष में धारा 438 के अंतर्गत आदेश पारित किया है संबंधित अधिकारिता वाले मजिस्ट्रेट के सामने आवेदन पत्र प्रस्तुत करें तो मजिस्ट्रेट उपर उल्लेखित प्रक्रिया के अनुरूप (ऑनॉलॉजी) के आधार से उसका सरेंडर स्वीकार कर आदेशित प्रतिभूति अनुसार छोड़ सकता है एवं आरक्षी केन्द्र को सूचित करेगा।

ध्यान रहे धारा 44 (2) के प्रावधान मजिस्ट्रेट की सीमा तक है अतः सत्र न्यायालयों ने ऐसे अधिकारों का प्रयोग करने की अपेक्षा नहीं है। विशेष न्यायाधीश ऐसे अधिकारों का प्रयोग कर सकते है ऐसा मेरा मत है क्योंकि वे भी मजिस्ट्रेट की शक्ति रखते हैं। ऐसा प्रयोग ऐसे विशेष न्यायाधीशों ने तब करना चाहिए जब आरोप पत्र सीधे उनके न्यायालयों में ही प्रस्तुत होना हो। क्योंकि जहां धारा 193 दं.प्र.सं. के अंतर्गत उपार्पण पश्चात उस प्रकरण में सुनवाई का अधिकार हो जैसा कि सामान्य सत्र प्रकरणों में होता है तो, मेरे विनम्र मत, में ऐसा प्रयोग संभव न भी हो।

1980 क्रि. लॉ. ज. पृष्ठ 426 ***निरंजन सिंह वि. प्रभाकर*** में समर्पण सत्र न्यायालय ने लिया था लेकिन उस प्रकरण के तथ्य एकदम भिन्न थे। कृपया उसे विस्तार से पढ़ें केवल हेड नोट्स नहीं।

01-02-2000

म.प्र. शासन द्वारा ए.डी.पी.ओ.

श्री ए.बी.सी.डी. आवेदक द्वारा श्री बी.सी.डी.ई.

आवेदक की ओर से एक आवेदन पत्र धारा 44 (2) दं.प्र.स. का इस आशय का प्रस्तुत किया कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस कोतवाली ने एक अपराध धारा 498 ए भा.द.वि के अंतर्गत पंजीकृत किया है अथवा

पंजीकृत करने जा रही है तथा पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है अतः वह न्यायालय के सन्मुख समर्पण करना चाहता है अतः उसका समर्पण स्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा। अतः निवेदन है कि पुलिस कोतवाली से केस डायरी एवं जांच के कागजात बुलाए जावे।

2 रीडर से जांच कराने पर ज्ञात होता है कि धारा 157 दं.प्र.स. के अंतर्गत ऐसी कोई रिपोर्ट न्यायालय को प्राप्त होना ज्ञात नहीं होती है अतः यह आवेदन पत्र कल दि. 02-02-2000 को प्रस्तुत हो (आवेदक को जाने दें)

3. प्रकरण विधिवत अपराधिक विविध प्रकरण के रूप में पंजीकृत हो।

4. आवेदन पत्र की नकल पुलिस कोतवाली को भेजी जावे व सूचित हो कि आवेदक के विरूद्ध कोई अपराध पंजीकृत किया हो अथवा जांच चल रही हो तो प्रतिवेदन कल दि. 02-02-2000 को भेजा जावे तथा पुलिस यदि पुलिस रिमांड लेना चाहे तो प्रतिवेदन के साथ तैयार रहें।

प्रकरण वास्ते 02-02-2000

02-02-2000

म.प्र. शासन द्वारा .....

आवेदक द्वारा .....

आरक्षी केन्द्र कोतवाली ने आज आवेदक के संबंध में केस डायरी प्रस्तुत की। ए.डी.पी. ओ. एवं आवेदक अधिवक्ता को सुना गया। केस डायरी का अवलोकन किया। ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक के विरूद्ध धारा 498ए भा.द.वि. के अंतर्गत अपराध पंजीकृत है व उसकी गिरफ्तारी की आवश्यकता अभियोजन को है अतः आवेदक का समर्पण स्वीकार किया जाना न्यायोचित है जो स्वीकार कर आवेदक को निरोध में लिया गया (पहचान कार्यवाही संबंधी बातें पूर्व में उल्लेखित की है उन्हें यहां लिखें)

2. अभियोजन को पूछा गया कि क्या वह पुलिस रिमांड चाहता है तो अभियोजन ने एक आवेदन पत्र आरोपी (आवेदक) के पुलिस रिमांड हेतु प्रस्तुत किया। उभय पक्षों को सुना। केस डायरी इस दृष्टिकोण से देखी। प्रकरण की प्रकृति एवं परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस रिमांड की प्रार्थना अस्वीकार की जाती है। प्रकरण में पुलिस रिमांड देने हेतु कोई परिस्थिति ज्ञात नहीं होती है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ करना है लेकिन इस कारण मात्र से पुलिस रिमांड देने की आवश्यकता नहीं है। अतः पुलिस का रिमांड आवेदन पत्र निरस्त होता है।

3. आरोपी/आवेदक की ओर से एक आवेदन पत्र धारा 437 द.प्र.स. का प्रस्तुत किया जिस पर उभय पक्षों को सुना व इसी दृष्टिकोण से केस डायरी का अवलोकन किया। प्रकरण की प्रकृति, परिस्थितियां एवं अभियुक्त की सामाजिक स्थिति को देखते आरोपी का प्रतिभूति आवेदन पत्र स्वीकार किया जाना औचित्य पूर्ण है क्योंकि अभियुक्त को प्रतिभूति पर छोड़े जाने पर भी उसकी उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकती है, वह स्थायी निवासी है व भागने की न्यूनतम संभावना भी प्रतीत नहीं होती। अतः अभियुक्त यदि रू. पांच सौ की प्रतिभूति एवं उसी सीमा तक का व्यक्तिगत बंध पत्र प्रस्तुत करे तो उसे प्रतिभूति पर मुक्त किया जावे। (अन्य औपचारिक शर्तों का खुलासा हो)

4. अभियोजन यदि अभियुक्त को पूछताछ हेतु बुलाना चाहे तो उसे सूचना पत्र देकर बुलाया जा सकेगा।

(शेष औपचारिक बातें प्रकरण में जैसी स्थिति हो पूर्ण की जा सकती हैं।)

●

क्या तुम्हें अपराध स्वीकार है? जी हां ! मुझे अपराध स्वीकार है।

पुरुषोत्तम विष्णु नामजोशी

चूंकि अभियुक्त ने स्वेच्छया अपराध स्वीकार किया है अतः अभियुक्त को अमुक अमुक सजा दी जाती है। अपवाद नियम को सिद्ध करता है। अतः अपवादों को छोड़कर न्यायिक दंडाधिकारी यही प्रक्रिया लागू करता है। इसके लिए कई कारण हो सकते हैं। लेकिन मुख्य कारण दो हो सकते हैं। प्रथम यह कि सब कुछ चलता है। दूसरा कारण पठन–पाठन का अभाव व इस कारण से यह मानते हुए कि हम जो कर रहे हैं एकदम सही कर रहे हैं। इन भावनाओं के साथ या तो आरोप (चार्ज) या अभियोग का सारांश अपराध की विशिष्टियों के रूप में (पर्टिक्यूलर्स ऑफ ऑफेन्स) के सुनाया जाना होता है। अनुभव के साथ व्यक्ति जानता जाता है, भूलें ज्ञात होती जाती है व उन भूलों की अनुभूति होने के पश्चात हम उस आधार से क्रियान्वयन करते ही हों ऐसी बात नहीं है। यहीं पर हमारी कर्म के प्रति उपेक्षा वृत्ति है व तब हमारा कार्य हम ठीक से नहीं कर रहे होते हैं।

धारा 252 दंड प्रक्रिया संहिता इस प्रकार है-

252 दोषी होने का अभिवाक् पर दोषसिद्धि

यदि अभियुक्त दोषी होने का अभिवचन करता है तो मॅजिस्ट्रेट अभियुक्त का अभिवाक **यथा संभव उन्हीं शब्दों में लेखबद्ध करेगा जिसका अभियुक्त ने प्रयोग किया है** और उसके आधार पर उसे, स्वविवेकानुसार, दोषसिद्ध कर सकेगा।

अब धारा 241 दं.प्र.स. को देखेंगे।

241 दोषी होने के अभिवाक् पर दोषसिद्धि यदि अभियुक्त दोषी होने का अभिवचन करता है तो मॅजिस्ट्रेट उस अभिवाक् को लेखबद्ध करेगा और उसके आधार पर उसे, स्वविवेकानुसार, दोष सिद्ध कर सकेगा। इन्हीं शब्दों का प्रयोग धारा 229 एवं 246 (3) में भी किया गया है।

इस प्रकार दो बातें स्पष्ट हैं। आरोप या अभियोग का सारांश अभियुक्त को सुनाना समझाना है। उसके पश्चात ही अभियुक्त से पूछा जाना है कि क्या तुम्हें अपराध स्वीकार है? अभियुक्त यदि अपराध स्वीकार करता है तो उसका अभिवाक उसी के शब्दों में लिखा जाना है। मूलभूत रूप से हमारा दोष हमारी धारणा के विषय में है। उसके पीछे मूलाधार क्या है यह जानना आवश्यक है। किसी भी प्रावधान को पढ़ते समय उस प्रावधान को टुकड़ों टुकड़ों में पढ़ना चाहिए। जहां, अल्प विराम हो, अर्धविराम हो वहां आगे कुछ कहा जाना है यह भी ध्यान रखना होगा। एक अर्धविराम व दूसरे अर्धविराम के बीच की इबारत को छोड़कर भी पुनः पढ़ने से और भी बात स्पष्ट होती है। पत्रिका में विभिन्न अवसरों पर उदाहरणों सहित बताया भी गया है। जैसे आ. 39 नि. 3. व्य.प्र.स. या धारा 361 दं.प्र.स. आदि को भी पढ़ने की कला है। फिर संबंधित धारा की क्या अपेक्षा है यह धारा के शब्दों पर महत्व देकर सोचना चाहिए। उदाहरणार्थ धारा 252 में "दोषी होने का अभिवचन करता है" तथा "यथा संभव उन्हीं शब्दों में लेखबद्ध करेगा जिसका अभियुक्त ने प्रयोग किया है" में अर्थ छिपा है। सरसरी रूप से पढ़ना व शब्दभेद करके शब्द का भावार्थ समझना महत्वपूर्ण है।

जैसा कि धारा 252 का शीर्षक देखें तो उसमें शब्द प्रयोग है दोषी होने का अभिवाक् पर दोषसिद्धि। इसमें दोषी होने का अभिवाक शब्द को उपरी तौर पर देखें तो आरोपी द्वारा दोष स्वीकार करना है। पर दोष क्या है यह महत्वपूर्ण है। दोष शब्द पर जोर देना होगा। दोष वह है जो उसने अपराध किया। अपराध जो किया है उसके तत्व आरोप (चार्ज) में आना चाहिए अथवा अपराध की विशिष्टियों में आना चाहिए। अर्थात यहां पर भी न्यायाधीश की कला काम आएगी कि आरोप कैसे तैयार करें। इसके लिए हमें आरोपों के संबंध में धारा 211

से 217 तक के प्रावधानों का तथा धारा 218 से 224 के प्रावधानों का अध्ययन आवश्यक है। इसी प्रकार आरोपी क्या दोष स्वीकार कर रहा है यह भी महत्वपूर्ण है। दोषपूर्ण आरोप के कृत्यों को स्वीकार करना एक बात है लेकिन किसी प्रावधान में उल्लेखित अपराध की स्वीकृति (गिल्ट) दूसरी बात है। **मेजर आनंद के प्रकरण ए. आय.आर. 1960 जेके 1391** में यही बात कही गई है। दोषी होने का अभिवचन मात्र इस स्वीकृति की कोटि में आता है कि अभियुक्त ने वे कार्य किए हैं जिनका किया जाना उसके विरूद्ध अभिकथित है। यह दंड विधि की किसी विशिष्ट धारा के अन्तर्गत दोष स्वीकृति नहीं होती है। इसलिए, यदि अभियोजन पक्ष द्वारा साबित तथ्य अपराध की कोटि में नहीं आते, तो अभियुक्त की दोषिता का अभिवचन उसे अपनी दोषसिद्धि के सही होने को उच्च न्यायालय में चुनौती देने से प्रवारित नहीं कर सकता। यह बात ***स्टेट ऑफ मैसूर वि. बन्नत्रा कुंजना ए.आय.आर. 1960 मैसूर पृष्ठ 177*** में कही गई है। उक्त दृष्टांत के पॅराग्राफ 5 में कहा है कि "If the facts proved by the prosecution do not amount to an offence, then the plea of guilty cannot preclude the accuesed from agitating in High Court the correctness of his conviction" यह दृष्टांत पुराने अधिनियम की धारा 271 (नई धारा 229) पर आधारित है।

इसको उदाहरण के रूप से भी समझाया जाना उचित है। यथा कमली के विरूद्ध आबकारी अधिकारी ने एक प्रकरण 01.01.2000 को पंजीकृत किया लेकिन अभियोग पत्र परिवाद के रूप में छह माह तक प्रस्तुत नहीं किया। फिर 01.10.2000 को आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मॅजिस्ट्रेट ने नित्य क्रम अनुसार सार संक्षिप्त कथन आरोपी को सुनाया कि दि. 01.01.2000 को तुम अवैध रूप से बिना आज्ञप्ति के अवैध रूप से दो बोतल देशी शराब अधिपत्य में रखे हुए थे व इस प्रकार धारा 34 म.प्र. आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध कारित किया। आरोप विवरण सुनाए समझाए जाने पर आरोपी ने कहा 'अपराध स्वीकार है' या बोलचाल की भाषा में कहा हां जुर्म स्वीकार है व मॅजिस्ट्रेट ने उसे दोषसिद्ध पाते हुए सिद्ध दोष ठहराया व दंडित किया तो मॅजिस्ट्रेट का यह कृत्य विधि विरूद्ध है। अपराध स्वीकार है के स्थान पर यदि आरोपी ने ऐसा भी कहा होता कि जी हां मैंने दो बोतल देशी शराब बिना अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से अपने अधिपत्य में रखी तब भी सजा दी गई हो तो यह कृत्य विधि विरूद्ध है।

म.प्र. आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 61 में विभिन्न अपराधों के लिए मर्यादा काल दिया है। मानों ऐसे अपराध के लिए मर्यादा काल उक्त प्रावधान के अंतर्गत छह माह के लिए है। आबकारी विभाग की ओर से देरी की क्षमा करने का आवेदन पत्र नहीं है तथा धारा 167 (5) एवं (6) दं.प्र.स. के प्रावधानों का पालन नहीं किया है व ये बातें मॅजिस्ट्रेट के ज्ञान में हों या न हों तथा उपरोक्त अनुसार आरोपी को दोषसिद्ध पाते सिद्ध दोष ठहराकर यदि सजा दी है तो मॅजस्ट्रेट का कृत्य विधि सम्मत नहीं है अतः अभियुक्त को यह अधिकार है कि ऐसे सजा के विरूद्ध अपील या रिवीजन, जैसी भी स्थिति हो, करे। सजा तो निश्चित ही अवैध होगी। अतः आरोपी ने अपराध की स्वीकृति करना मात्र पर्याप्त नहीं है। ऐसी स्वीकृति के आधार पर एवं परिवादी या पुलिस द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र एवं परिवाद या पुलिस द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र एवं परिवाद पत्र के आधार से भी अपराध का गठन होना आवश्यक है तब जाकर आरोप अथवा अपराध की विशिष्टियां निर्मित होंगी। (देखें ***1955 एम.बी.एल.जे. 1955 एच.सी.आर. 1181ए एम.बी. एल.जे. 1955 एच.सी. आर.631 नग्गा एवं यासीन खान*** के प्रकरण)

अपराध की अभिस्वीकृति कैसी हो

जैसा कि उपर कहा है हर एक ने इस संबंध में भूल की होगी। जो अपवाद हैं वे न्यायिक अधिकारी प्रशंसनीय है। मैं भी ऐसी भूलों का सहभागी, निश्चित रूप से, रहा हुआ हूंगा अतः मुझे अपराध स्वीकार है। मैं यह लिख रहा हूं। यदि आरोप के संबंध में ऐसा लिखा जाएगा तो गलत होगा। उसका कारण यह है कि, जैसा

